


हिन्दी दैनिक

# पथ प्रवाह

RNI No.: UTTHIN/2011/39282

निर्भीक, निष्पक्ष, सच का प्रवाह

वर्ष:5 अंक:166 पृष्ठ:08 मुल्य:1 रूपये pathpravah.com हरिद्वार, सोमवार, 22 जून 2026



# राज्य सरकार उत्तराखंड के धामों के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्धः मुख्यमत्री

**मुख्यमंत्री ने राजकीय महाविद्यालय दन्या में नवनिर्मित भवन का किया लोकार्पण**

**4 करोड़ 96 लाख रूपये की लागत से तैयार भवन से छात्रों को मिलेंगी बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं**

**पथ प्रवाह, अल्मोड़ा।**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को दन्या स्थित रामलीला मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के समस्त क्षेत्रों का समेकित विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास एवं समृद्धि के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है तथा उत्तराखण्ड भी तेजी से प्रगति के पथ पर अग्रसर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड को वैश्विक स्तर पर आध्यात्मिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है तथा केदारखंड और मानसखंड में पर्यटन गतिविधियों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं पर्यटक राज्य में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि जागेश्वर धाम के मूल स्वरूप को संरक्षित रखते हुए जागेश्वर मास्टर प्लान के माध्यम से वहां विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्य किए जा रहे हैं। पार्किंग क्षमता बढ़ाने के साथ ही धाम को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार धामों के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा आयुर्वेद एवं योग आधारित पर्यटन के क्षेत्र में भी व्यापक कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन फेस्टिवल' की अवधारणा के तहत मेलों और स्थानीय सांस्कृतिक आयोजनों को नई पहचान दी जा रही है, जिससे स्वरोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं और प्रदेश आर्थिक रूप से लगातार मजबूत हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड को देश का मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि नक़ल विरोधी कानून के माध्यम से युवाओं का पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं में विश्वास पुनः स्थापित हुआ है तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध राज्य सरकार लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रदेश का समग्र विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए हम सभी को मिलकर कार्य करना है।

जनसभा के उपरांत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दन्या निवासी पवन पंत के आवास पहुंचे, जहां उन्होंने आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सहभाग करते हुए कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं कल्याण की कामना की।

कार्यक्रम में विधायक मोहन सिंह महरा, जिला पंचायत अध्यक्ष हेमा गैड़ा, दर्जा राज्य मंत्री गंगा बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री कुंदन लटवाल, जिलाधिकारी अंशुल सिंह , वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोड़के, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सीएम धामी ने शहीद लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी के परिजनों से की भेंट



पथ प्रवाह, अल्मोड़ा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को अल्मोड़ा के पांडेखोला स्थित शहीद लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी के आवास पहुंचे। उन्होंने शहीद अधिकारी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और परिजनों से मिलकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सीएम ने कहा कि राष्ट्र की रक्षा में दिया गया बीरेश्वर का सर्वोच्च बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बना रहेगा। जम्मू-कश्मीर के राजौरी क्षेत्र में आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान बीते दिनों वीरगति को प्राप्त 5 असम रेजिमेंट के अधिकारी लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी के घर पहुंचे मुख्यमंत्री धामी ने शोक संतृप्त परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने परिजनों से कहा कि इस मुश्किल घड़ी में एकजुट होकर हिम्मत से काम लें। मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए राज्य सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा, ÷इस मुश्किल घड़ी में सरकार शोक संतृप्त परिवार के साथ खड़ी है। राष्ट्र की रक्षा में लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी का सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

ज्ञात हो कि लेफ्टिनेंट बीरेश्वर गोस्वामी ने राजौरी क्षेत्र में आतंकवाद-रोधी अभियान के दौरान कर्तव्य पालन करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस दौरान मेयर अल्मोड़ा अजय वर्मा, दायित्वधारी गोविंद सिंह पिलख्वाल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### भारत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, सीबीआई जांच की मांग तेज

नई दिल्ली। बिहार के भोजपुर जिले में हुए चर्चित भारत भूषण तिवारी एनकाउंटर मामले ने अब नया कानूनी मोड़ ले लिया है। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है, जिसमें पूरे घटनाक्रम की सीबीआई जांच कराने की मांग उठाई गई है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच आवश्यक है ताकि एनकाउंटर की वास्तविक परिस्थितियां सामने आ सकें। भारत भूषण तिवारी की मौत 17 जून को भोजपुर जिले के बिलौती गांव में पुलिस कार्रवाई के दौरान हुई थी। पुलिस का दावा है कि वह अवैध हथियारों की बरामदगी के लिए पहुंची थी और कार्रवाई के दौरान मुठभेड़ हुई।

## 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आंध्र प्रदेश से योगमय राष्ट्र व योगमय विश्व का आह्वान

**पथ प्रवाह, विजयवाड़ा/हरिद्वार।**



योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज के अखण्ड पुरुषार्थ व अथक प्रयासों से योग आज पूरे विश्व में प्रतिष्ठापित हो गया है। 21 जून को लगभग 200 देश एक साथ योगाभ्यास कर योग की स्वीकार्यता को चरितार्थ करते हैं। इस वर्ष 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी जी ने कृष्णा नदी क्षेत्र, अमरावती (विजयवाड़ा), आंध्र प्रदेश से योगमय राष्ट्र व योगमय विश्व का आह्वान किया। यह कार्यक्रम पतंजलि योगपीठ तथा आंध्र प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया जिसमें आचार्य बालकृष्ण महाराज का भी सान्निध्य रहा। इस वर्ष योग दिवस की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग (Yoga for Healthy Ageing) रही।

यूँ तो कार्यक्रम प्रातः 5 बजे से प्रारंभ हो गया था किंतु सरकारी कार्यक्रम के योग प्रोटोकॉल अनुसार स्वामी रामदेव, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन.चंद्रबाबू नायडू एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज ने 45 मिनट की मानकीकृत योग दिनचर्या का अनुपालन करते हुए लगभग हजारों योग साधकों को योग का अभ्यास कराया। प्रारंभ में प्रार्थना, ग्रीवा, कंधा, कमर और घुटनों से सम्बंधित चालन क्रियाओं का अभ्यास कराया गया, तत्पश्चात खड़े होकर करने वाले आसनों में ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन और त्रिकोणासन, बैठकर करने वाले आसनों में भद्रासन, वज्रासन, अर्ध उष्ट्रासन, शशकासन और उत्तान मंडूकासन, पेट के बल लेटकर करने वाले आसनो में मकरासन, भुजंगासन और शलभासन, पीठ के बल करने वाले आसनों में सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्ध हलासन और पवनमुक्तासन का अभ्यास कराया। अंत में प्राणायाम और ध्यान के लिए अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, और ध्यान व संकल्प का अभ्यास कराया गया।

इससे पूर्व स्वामी जी ने कहा कि अमरावती देवताओं की राजधानी है। आज यहाँ के यशस्वी मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू गारू जी के दिशानिर्देशन व नेतृत्व में योग का यह अनुष्ठान सहजतापूर्वक सम्पन्न हो रहा है। स्वामी जी ने कहा कि श्री नायडू एक विजनरी मुख्यमंत्री हैं। उनमें दृढ़ता, सेवाभाव, समर्पण की भावना व अप्रतिम सृजनात्मक क्षमता विद्यमान है। वे केवल एक राज्य के मुख्यमंत्री ही नहीं अपितु इस सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस अवसर पर उन्होंने पूरे विश्व को योग का संदेश देते हुए कहा कि करो योग, रहो निरोग। यही योग का मंत्र है।

इस अवसर पर स्वामी जी ने कहा कि योग पूरे विश्व के लिए हमारे पूज्य ऋषियों का अवदान, योगदान, विरासत व विज्ञान है। योग सभी के लिए एक लाइफस्टाइल है। यह सैल्फ हीलिंग की प्रक्रिया है। योगियों के लिए योग साधना पद्धति, आमजन के लिए जीवन पद्धति व रोगियों के लिए सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति है।

कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि उनका मिशन योग को राज्य के हर घर तक पहुंचाना है ताकि इसे एक जन आंदोलन बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव जी ने योग को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाया है। वे केवल भारत ही नहीं, अपितु पूरी दुनिया के योगगुरु हैं। श्री नायडू ने कहा कि मैं पिछले 3 दशकों से तकनीक को बढ़ावा दे रहा हूँ तथा पूज्य स्वामी जी पिछले 30 वर्षों से योग को प्रचारित-प्रसारित कर रहे हैं। अब हमें तकनीक और अध्यात्मिकता को एक साथ लेकर चलना होगा। हमारा उद्देश्य आंध्र प्रदेश को केवल टेक्नोलॉजी हब बनाना ही नहीं अपितु स्प्रिच्युअल एवं वेलनेस हब बनाना भी है। यही वह नेतृत्व है जो केवल भारत दे सकता है। कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने कहा कि विजयवाड़ा पुण्यक्षेत्र है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की प्रातःकाल की बेला में परम पूज्य स्वामी जी महाराज तथा आंध्र प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू योग का संदेश दे रहे हैं, योग के प्रचार-प्रसार के लिए इससे बड़ी कोई बात नहीं है।

कार्यक्रम में श्रद्धेय आचार्य बालकृष्ण द्वारा रचित पुस्तक योगर्षियोगनिघण्टुः का विमोचन भी किया गया। आचार्य जी ने योगर्षियोगनिघण्टुः पुस्तक के विषय में बताया कि इसमें 3753 योगासनों, 55 प्रकार के प्राणायाम, 721 बंध मुद्रा, 120 ध्यान विधि, 150 शोधन क्रिया तथा 400 यौगिक व्यायाम का उल्लेख किया गया है। पहली बार कुल मिलाकर 5199 योग क्रियाओं के नामों को डाक्यूमेंटेशन किया गया है। उन्होंने बताया कि यह पुस्तक संस्कृत और अंग्रेजी भाषा में उपलब्ध है। यह योग की समग्र विरासत का संकलन है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी साधकों को योग को अपनी जीवनचर्या में सम्मिलित करने हेतु संकल्प दिलाया तथा योगव्रती, आयुर्वेदव्रती, स्वदेशीव्रती, आंध्र प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश की सेवा के लिए संकल्पित किया। आंध्र प्रदेश के आयुष विभाग द्वारा जारी पुस्तक आयुष आरोग्य सूत्रावली का भी विमोचन किया गया जिसे वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन में सम्मान मिला है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने डीपीएस रानीपुर में विद्यार्थियों के साथ किया योगाभ्यास

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

दिल्ली पब्लिक स्कूल, रानीपुर में 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह, उल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में आयोजित योग कार्यक्रम में 1000 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने सहभागिता कर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत (सांसद, हरिद्वार एवं पूर्व मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड) तथा विशिष्ट अतिथि आदेश चौहान (विधायक, रानीपुर विधानसभा क्षेत्र) रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम जग्गा ने सभी माननीय अतिथियों का स्वागत करते हुए योग की महत्वता पर प्रकाश डाला तथा सभी को अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने का आह्वान किया।

अपने संबोधन में विशिष्ट अतिथि आदेश चौहान ने ÷भारत माता की जय÷ के उद्घोष के साथ विद्यार्थियों में उत्साह का संचार किया। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा राष्ट्रप्रेम एवं सकारात्मक सोच के साथ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत ने






विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का गौरवशाली इतिहास हजारों वर्षों पुराना है तथा योग की परंपरा महर्षि पतंजलि से प्रारम्भ होकर भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वर्ष 2015 से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जा रहा है।

कहा कि आज योग केवल भारत ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का सबसे सरल, प्रभावी एवं सुलभ माध्यम बन चुका है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने की सलाह देते हुए कहा कि योग मन, शरीर और बुद्धि को संतुलित कर व्यक्ति के भीतर की नकारात्मकता को दूर करता है।

उन्होंने सूर्य नमस्कार के वैज्ञानिक महत्व पर भी प्रकाश डाला तथा सभी को प्रकृति के साथ जुड़कर स्वस्थ जीवन जीने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि योग शरीर की सभी इन्द्रियों को सशक्त बनाता है। डीपीएस रानीपुर के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के साथ योगाभ्यास करना उनके लिए अत्यंत सुखद एवं प्रेरणादायक अनुभव रहा।

इस अवसर पर प्रख्यात योगाचार्य योगी रजनीश एवं योगाचार्य मोहन जी ने उपस्थित प्रतिभागियों को योग की आधारभूत जानकारी प्रदान करते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि त्रिवेंद्र सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि आदेश चौहान एवं प्रधानाचार्य डॉ. अनुपम जग्गा ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर योगाभ्यास किया। विद्यार्थियों का उत्साह, ऊर्जा एवं सहभागिता देखते ही बन रही थी। कार्यक्रम के अंत में मंच संचालक अशोक तिवारी एवं रिया शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### हरकी पैडी घाट पर दिखी योग की छटा, उत्साह के साथ किया योग



पथ प्रवाह, हरिद्वार। राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला गंगा संरक्षण समिति एवं जिला होम्योपैथिक विभाग हरिद्वार के संयुक्त तत्वावधान मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसीय ÷स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग÷ का आयोजन हरकी पाउ्री-तरःलथ घाट हरिद्वार में किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम के मुख्य अथिति उप वन संरक्षक स्वप्निल अनिरुद्ध ने सभी को दैनिक जीवन मे निरंतर योग अपनाने की अपील की। योग प्रशिक्षक मनोज चौहान ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम विलोम, कपालभाती के साथ साथ विभिन्न रोगों मे लाभकारी आसनों का सभी को अभ्यास कराया। इस दौरान मुख्य रूप से विकास ठाकुर जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी, सत्यदेव आर्य जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे, एवं होम्योपैथिक विभाग, वन विभाग के कर्मचारियों, वरिष्ठ नागरिकों ने प्रतिभाग किया।

### राज्य मंत्री ने की झबरेड़ा विधानसभा में बैठक



पथ प्रवाह, हरिद्वार। राज्य मंत्री सुनील सैनी ने झबरेड़ा विधानसभा के कृष्णा नगर मंडल में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्छ्र) के निमित्त आयोजित बैठक को संबोधित किया। इस अवसर पर बीएलए-1 एवं मंडल पदाधिकारियों को स्छ्र की प्रक्रिया, मतदाता सूची पुनरीक्षण तथा मतदाता पंजीकरण से संबंधित आवश्यक बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की। बैठक के दौरान मतदाता सूचियों का वितरण किया गया तथा सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने एवं अपात्र अथवा अनाधिकृत मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया में पूरी सक्रियता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि मतदाता सूची अधिक सटीक एवं पारदर्शी बन सके।

## योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति : मदन कौशिक

पथ प्रवाह, हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला हरिद्वार द्वारा गुरुकुल कांगड़ी समविश्वविद्यालय के दयानंद स्टेडियम में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में योग साधकों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड सरकार के आयुष मंत्री मदन कौशिक ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि योग व्यक्तिको मानसिक स्थिरता प्रदान कर सकारात्मक, संतुलित एवं सफल जीवन की ओर अग्रसर करता है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, अवसाद और अस्वस्थ जीवनशैली से उत्पन्न चुनौतियों के बीच योग एक प्रभावी प्राकृतिक उपचार प्रणाली के रूप में कार्य कर रहा है। योग और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मानसिक एकाग्रता मजबूत होती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। योग ने विश्वभर में मानवता को जोड़ने का कार्य किया है और भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' तथा ''सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः'' को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है।

आयुष मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक पहचान मिली और आज विश्व के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग से जुड़



चुके हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड योग, अध्यात्म और साधना की प्राचीन परंपराओं की भूमि है तथा राज्य सरकार उत्तराखंड को योग एवं वेलनेस की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा देश की पहली योग नीति लागू की गई है तथा प्रदेश में पांच नए योग हब विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही सभी आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में योग सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।

भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि योग भारत की आत्मा, हमारी संस्कृति का प्राण और सनातन सभ्यता की शाश्वत चेतना है। उन्होंने कहा कि योग को व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से विश्व कल्याण की महायात्रा का माध्यम बनाना होगा। उन्होंने देश-विदेश में योग साधना से जुड़े सभी साधकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस भारत की सनातन संस्कृति, ऋषि परंपरा और आध्यात्मिक चेतना के वैश्विक उत्कर्ष का महापर्व है। कार्यक्रम संयोजक भाजपा जिला उपाध्यक्ष आशु चौधरी ने कहा कि आज योग वैश्विक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। संयुक्तराष्ट्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को मान्यता मिलना भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आध्यात्मिक विरासत का ऐतिहासिक सम्मान है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम ''ल्वहं वित भ्मंसजील ।हमपदह'' स्वस्थ, संतुलित और दीर्घ जीवन का संदेश देती है। योग आज केवल एक अभ्यास नहीं, बल्कि नई पीढ़ी का संस्कार बनता जा रहा है।

कार्यक्रम में दायित्वधारी (राज्यमंत्री) ओमप्रकाश जमदग्नि, नितिन गौतम, ब्लॉक प्रमुख आशा नेगी, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप गोयल, प्रदेश मीडिया सहसंयोजक विकास तिवारी, जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय योगाचार्य विपिन गोलियान, पूजा राठी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रीति गुप्ता सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सीवरेज के लिए खोदी गई सड़कों को तेजी से किया जा रहा ठीक

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

हरिद्वार शहर के अंतर्गत सीवरेज कार्य हेतु खोदी गई सड़कों से क्षेतीय जनता, व्यापारियों को हो रही परेशानी के दृष्टिगत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने चल रहे निर्माण कार्यों कोत्वरित गति सेदिन रात कार्य करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। आदेश के अनुपालन में कार्य तीव्र गति से किए जा रहे हैं। परियोजना प्रबंधक निर्माण एवं अनुरक्षण इकाई गंगा उत्तराखंड पेयजल निगम मिनाक्षी मित्तल ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में केएफडब्ल्यू वित्त पोषित हरिद्वार जलोत्सारण



योजना पैकेज 01 एवं पैकेज 02 के अंतर्गत कराए जा रहे सड़क पुनर्निर्माण संबंधी कार्य जिसके तहत 20 जून को किए गए निर्माण कार्यों का विवरण निम्नवत है जिसमें- पैकेज 01 के अंतर्गत एनएचएआई रोड व्यंकटेश्वर धाम बीटी रोड वर्क (डीबीएम) 35 मीटर, एनएचएआई रोड मौनी आश्रम बीटी रोड वर्क (डीबीएम) 22.5 मीटर,कार्य पूर्ण की लिया गया है,कुल 57.5 मीटर कार्य पूर्ण हो चुका है तथा पैकेज 02 के अंतर्गत गणपतिधामफेस 2 पावर ब्लॉक 58 मीटर, मोहन इंक्लेव सीसी रोड 24 मीटर, राजविहार फेस 1 सीसी रोड 55 मीटर, लोकसेवा आयोग सीसी रोड 62 मीटर, रतन वाटिका पावर ब्लॉक 32 मीटर, राजविहार फेस 2 पावर ब्लॉक 25 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा कुल 256 मीटर कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सड़कों का कार्य दिन-रात त्वरित गति से किए जा रहे है।

# योग को बनाएं जीवन का अभिन्न हिस्सा, डीएवी में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास

पथ प्रवाह, हरिद्वार



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सेन्टेनरी पब्लिक स्कूल, जगजीतपुर में योग को दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लेते हुए भव्य एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। योग जागरूकता अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज को स्वस्थ, जागरूक एवं सशक्त बनाना रहा।

कार्यक्रम का आयोजन पद्मश्री डॉ. पूनम सूरी, प्रधान, डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्तृ समिति, नई दिल्ली के निर्देशानुसार किया गया। इस अवसर पर डीएवी स्कूलों के निदेशक एवं स्पोर्ट्स संयोजक डॉ. वी. सिंह द्वारा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु डीएवी स्पोर्ट्स पोर्टल पर पंजीकरण की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जा सकें।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार कपिल ने मुख्य अतिथि एवं योग विशेषज्ञ प्रोफेसर डॉ. सुभाष तथा योगाचार्य श्री प्रणव त्यागी का स्वागत कर किया। इसके बाद योगाचार्यो ने लगभग 500 विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया।

योग विशेषज्ञों ने योगासनों की सही विधि के साथ उनके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं ध्यान क्षमता बढ़ाने हेतु विशेष अभ्यास भी कराए गए।

मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. सुभाष ने अपने संबोधन में विद्यालय परिवार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने योग को भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर बताते हुए इसके नियमित अभ्यास का आह्वान किया।

कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार कपिल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर और मन दोनों संतुलित रहते हैं, जिससे जीवन में सकारात्मकता और सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है।

सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवन के संदेश के साथ कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह आयोजन सभी प्रतिभागियों के लिए प्रेरणादायी एवं स्वास्थ्यवर्धक अनुभव साबित हुआ।

# योग स्वास्थ्य शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक है: मदन कौशिक

पथ प्रवाह, हरिद्वार।





12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयुष विभाग द्वारा ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि आयुष मंत्री मदन कौशिक, विशिष्ट अतिथि मेयर नगर निगम किरण जैसल, अपर सचिव/निदेशक आयुर्वेद विजय कुमार जोगदंडे एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयुष मंत्री मदन कौशिक ने प्रदेश एवं जनपदवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गर्व का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संयुक्त राष्ट्र संघ में रखे गए प्रस्ताव को आज पूरी दुनिया ने स्वीकार किया है। वर्तमान में 190 से अधिक देशों में योग दिवस मनाया जा रहा है और भारत योग के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर इसे जीवन का हिस्सा बनाना आवश्यक है। योग से व्यक्ति स्वस्थ होगा, समाज स्वस्थ होगा और अंततः देश भी स्वस्थ एवं विकसित बनेगा।

इस दौरान मेयर किरण जैसल ने सभी को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास अत्यंत आवश्यक है। अपर सचिव/निदेशक आयुष विजय कुमार जोगदंडे ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में पूरे प्रदेश में योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। आयुष विभाग द्वारा योग शिविरों के साथ-साथ स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित कर लोगों को स्वस्थ जीवन के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कार्यक्रम में सहभागिता के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि जनपद में ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि योग को दैनिक जीवन में शामिल कर नियमित अभ्यास करें, जिससे शरीर स्वस्थ बना रहे।

इस अवसर पर संगम सांस्कृतिक कला मंच द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति भी गई। आयुष विभाग द्वारा विशिष्ट अतिथियों को शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया गया एवं आयुष मंत्री एवं मेयर किरण जैसल द्वारा आयुर्वेदिक ऋषिकुल परिसर में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. ललित नारायण मिश्र, एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट हर गिरी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी मीरा रावत, सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा महिमानंद जोशी, अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं चिकित्सक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### चमगादड़ टापू और भीमगोड़ा क्षेत्र में चलाया जाएगा विशेष स्वच्छता अभियान



पथ प्रवाह, हरिद्वार। तीर्थ नगरी हरिद्वार की स्वच्छता, सुंदरता एवं व्यवस्थित स्वस्थ को बनाए रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जनपद में आज दूसरे दिन भी चलाया गया स्वच्छता अभियान। सोमवती अमावस्या के पावन अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन के उपरांत उत्पन्न हुई गंदगी को तत्काल हटाने हेतु चमगादड़ टापू एवं भीमगोड़ा क्षेत्रांतर्गत रविवार को व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया तथा क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाया गया। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी/संयोजक स्वच्छता अभियान मीरा रावत ने अवगत कराया है जिलाधिकारी के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में जनपद में आज दूसरे दिन भी सफाई अभियान निरंतर चलाया गया, सोमवती अमावस्या के अवसर पर हुई गंदगी को साफ करने के लिए 20 जून एवं आज 21 जून को विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्य में आपदा प्रबंधन विभाग, एनडीआरएफ, शांतिकुंज, नगर निगम एवं विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई और श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर उप नगर आयुक्त दीपक गोस्वामी, सफाई निरीक्षक संजय शर्मा,शांतिकुंज के साधक सहित नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# योग दिवस पर बीएम डीएवी में किया गया योगाभ्यास

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



बीएम डीएवी, भोपतवाला में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी बढ़-चढ़कर का भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान योगाभ्यास की अति विशेष योग क्रियाएं कराई गई। समाज को एवं बालक बालिकाओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें स्वस्थ रहने के लिए विशेष योगाभ्यास सिखाए गए। ताकि वे स्वस्थ शरीर के साथ-साथ उचित शिक्षा प्राप्त कर समाज को सही दिशा प्रदान कर सके।

इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा योग संबंधित महत्वपूर्ण तथ्य प्रदान किए गए। उन्होंने कहा की योग हमारे शरीर के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। इसके द्वारा शारीरिक एवं मानसिक रूप से अपने शरीर को स्वस्थ बनाया जा सकता है। कहा कि योग हमारे शरीर को एक चिकित्सक की भाँति स्वस्थ बनाए रखता है। योगाभ्यास के माध्यम से हम ईश्वर का साक्षात्कार भी कर सकते हैं तथा उसकी बनाई सृष्टि को जीवंत रूप में ग्रहण कर सके। योगाभ्यास की शक्ति से हमारे ऋषि मुनियों ने भी ऐसा सिद्ध किया।

# गायत्री परिवार शांतिकुंज के योग आचार्यों ने पुलिस कर्मियों और रिक्रूट आरक्षियों को सिखाया योग

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



अन्तरराष्टीय योग दिवस के अवसर पर योग दिवस पर हरिद्वार पुलिस द्वारा पुलिस लाईन रोशनाबाद में योग शिविर कार्यक्रम आयोजित कर योगाभ्यास किया गया। आयोजित योग शिविरों में भारी संख्या में पुलिस कर्मियों एवं प्रशिक्षण ले रहे रंगरूटों ने प्रतिभाग कर देव संस्कृति विश्व विद्यालय एवं गायत्री परिवार शांतिकुंज के योग आचार्यो/प्रशिक्षकों से योग करने का सही तरीका सीखा। उपस्थित जन को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रखने के लिए योग के महत्व से परिचित कराया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रतिसार निरीक्षक प्रवीन आलोक द्वारा योग आचार्यों को स्मृति चिन्ह भेंट कर योग क्रियाओं की बारीकियां सीखने के लिए उनका आभार व्यक्त किया। देव संस्कृति विश्व विद्यालय एवं गायत्री परिवार शांतिकुंज से आई प्रशिक्षण टीम में अजय त्रिपाठी, डा. कमल किशोर यादव, डा. इन्द्राणी त्रिवेदी, अकुला ज्योतिका श्रेया व वंशिका शामिल थी।

# संपादकीय

## सरकार के तुगलकी निर्णय आम जनता हैरान

केंद्र सरकार और राज्य सरकार जिस तरह से ताबड़तोड़ कानून बनाती हैं और नियमों को बदलती हैं, उसने आम आदमी के जीवन को संकट में डाल दिया है। अब पानी सर के ऊपर से गुजरने लगा है। ऐसी स्थिति में अब जनता नाराज होकर सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य हो रही है। केंद्र सरकार के पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा पेट्रोल में 20 फ़ीसदी एथेनॉल अनिवार्य कर दिया गया है। अब तो 100 फ़ीसदी इथेनॉल की बात भी होने लगी है। सरकार ने जो निर्णय लिया है उसके क्या परिणाम होंगे इस पर सरकार ने जरा भी विचार नहीं किया है। 2024 के पहले की जो भी गाड़ियां हैं उनमें एथेनॉल का उपयोग करने से जहां माइलेज कम हो रहा है वहीं इंजन में भी खराबी आना शुरूहो गई है। फ्यूल टैंक में कचरा जमा होना शुरूहो गया है। कई पुरानी गाड़ियां तो बहुत कम समय में ही कबाड़ में तब्दील हो गई हैं। जो एथेनॉल मिले पेट्रोल के पहले ठीक चल रहीं थीं, उनमें कोई शिकायत नहीं थी, अब वह भी खराब होने के चलते गैराज में खड़ी हो गई हैं। केंद्रीय मंत्रालय दावा करता है कि इससे पर्यावरण में सुधार होगा, कम कच्चा तेल आयात करना पड़ेगा। लेकिन यह सब बात कथा-कहानी की तरह है। सरकार अपनी विफलता और अपने निजी लाभ को छुपाने के लिए इस तरह का प्रचार करती हैं, जबकि वास्तविक स्थिति इसके विपरीत होती है। कहा जाता है कि एथेनॉल के बड़े-बड़े प्लांट केंद्रीय मंत्री, उनके बेटे और बड़े-बड़े राजनेताओं और पूंजीपतियों द्वारा लगाए गए हैं। केंद्र सरकार ने 2024 के बाद वाहन निर्माताओं को नई तकनीकी के इंजन बनाने को अनिवार्य किया है, लेकिन जो पुरानी गाड़ियां 2024 के पहले की बनी हुई हैं उनके इंजन ई20 पेट्रोल के कारण खराब हो रहे हैं। गाड़ी बनाने वाली कंपनियों का कहना है उनके पुराने मॉडल पेट्रोल को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। 2024 के बाद जो इंजन बनाए जा रहे हैं उनमें जरूर एथेनॉल युक्तपेट्रोल का इस्तेमाल हो इसको ध्यान में रखते हुए तैयार किए जा रहे हैं। कंपनियां वाहनों का माइलेज कम हो रहा है, इसका दोष मिलावटी पेट्रोल पर डाल देती हैं। ग्राहकों को पेट्रोल का उतना ही पैसा देना पड़ता है, उसके बाद उन्हें माइलेज भी कम मिल रहा है तथा गाड़ी भी खराब हो रही है। गाड़ी के रख-रखाव का खर्चा बड़ी तेजी के साथ बढ़ गया है। इससे वाहन मालिकों की नाराजी बढ़ती चली जा रही है।

अब तो बीमा कंपनियों ने भी हाथ खड़े कर दिए हैं। उनका कहना है नई गाड़ियों को जरूर क्लेम दिया जाएगा, लेकिन 2024 के पहले जो पुरानी गाड़ियां बनी हैं उनके इंजन मिलावटी पेट्रोल को ध्यान में रखकर नहीं बनाए गए थे। अब पेट्रोल पंपों से सभी गाड़ियों को ई20 पैट्रोल सप्लाई किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में इंजन तो खराब होना ही है। इसमें ग्राहक की गलती है उसे मिलावटी पेट्रोल की जगह अच्छा पेट्रोल भराना चाहिए। यदि ग्राहक मिलावटी पेट्रोल डलवाता है और उससे इंजन खराब हो रहे हैं तो यह वाहन मालिक की गलती है। ऐसी स्थिति में बीमा कंपनी ने क्लेम स्वीकार करना भी बंद कर दिया है, जिसके कारण वाहन मालिकों को हर तरह से नुकसान ही नुकसान झेलना पड़ रहा है। अब इसको लेकर लोगों की नाराजगी बढ़ती चली जा रही है। देशभर में वाहन मालिकों द्वारा लगातार ई20 पैट्रोल सप्लाई किए जाने का विरोध किया जा रहा है। सरकार कोई सुनवाई नहीं कर रही है। यह कोई एक अकेला मामला नहीं है पिछले कुछ वर्षों से केंद्र सरकार, राज्य सरकारें और उनके अधिकारी बिना सोचे समझे जल्दबाजी में कानून और नियम बनाते हैं। उसे सख्ती से लागू करा दिया जाता है। इसका खामियाजा आम लोगों को भुगतना पड़ रहा है। आर्थिक और मानसिक रूप से लोग परेशान हैं। करोड़ों लोगों के परेशान होने के बाद भी सरकार कुछ पूंजीपतियों के हितों का ध्यान रखते हुए और अपने निजी स्वार्थ को ध्यान में रखते हुए इस तरह के निर्णय लेती है। इन्हें तुगलकी निर्णय ही कहा जाएगा। पहले जो कानून बनते थे वह संसद में या विधानसभा में बहस के लिए रखे जाते थे। सांसद और विधायक अपनी बात को सदन में रखते थे। चर्चा होने के बाद ही कानून और नियम बनते थे। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से यह स्थिति अब पूरी तरह से बदल गई है। सत्र बहुत कम दिनों के बुलाए जाते हैं। जो नए कानून बनाए जाते हैं या संशोधन किए जाते हैं उनमें सदन के अंदर बहस ही नहीं होती है। जल्दबाजी में बहुमत के आधार पर कानून बनाने और उन्हें लागू करने को लेकर अब जनता के बीच भी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है। मध्यम वर्ग और गरीब दोनों के यहां चार पहिया और दो पहिया वाहन हैं, जो पेट्रोल से चलते हैं उनमें माइलेज कम होने तथा इंजन बार-बार खराब होने से लोगों की नाराजी बढ़ रही है। सरकार को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो जिस तरह से महंगाई और बेरोजगारी को लेकर आम आदमी परेशान है उसमें पेट्रोल वाला मामला आग में घी डालने जैसा होता हुआ दिख रहा है।

# अपने दल से अलग क्यों जा रहे सांसद

**सुरेश हिंदुस्तानी**

राजनीति में अवसर की तलाश करना आज के राजनेताओं का प्रिय विषय बनता जा रहा है। सीधे शब्दों इसे यूँ भी कहा जा सकता है कि राजनीति अब सेवा का मार्ग न होकर अवसरवादिता के आवरण को ओढ़ चुकी है। विपक्षी दलों खास कर तृणमूल कांग्रेस और अब उद्धव ठाकरे की शिवसेना के सांसदों का अलग होना कहीं न कहीं यही संकेत करता है कि ये सांसद अपने पार्टी के सिद्धांतों से किसी भी प्रकार का कोई सरोकार नहीं रखते थे, लिहाजा उन्होंने अपना खुद का एक राजनीतिक पाला बना लिया। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यही माना जा रहा है कि अब विपक्ष की संभावनाएं धूमिल होती दिखाई दे रही हैं। विपक्ष की राजनीति का एक ही मुद्दा रह गया है, वह है आरोप की राजनीति। तुम आरोप लगाते रहो, हम काम करते जाएंगे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कुछ इसी प्रकार का खेल चल रहा है। यह बात सच है कि केवल आरोप लगाने की राजनीति के माध्यम से सत्ता का सिंहासन प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हित और जनहित की ओर जाना ही होगा। आज की राजनीतिक स्थिति का विचार किया जाए तो यह कहना उचित ही होगा कि भाजपा का प्रचार सत्ता पक्ष की ओर से कम विपक्ष की ओर से ज्यादा किया जा रहा है। आज विपक्ष के नेताओं के बयान बिना भाजपा के अधूरे ही रहते हैं।

राजनीति में कब क्या हो जाए, कोई भी व्यक्त नहीं कर सकता। इसके पीछे एक कारण यह भी हो सकता है कि आज का राजनेता किसी न किसी हेतु के लिए ही राजनीति कर रहा है, ऐसे राजनेता की न तो किसी दल से वैचारिक समानता होती है और न ही किसी राजनीतिक नेतृत्व के प्रति निष्ठा ही रहती है। ऐसे राजनेता अपने स्वार्थ को पूरा करने के अवसर की तलाश करते हैं। वर्तमान में विपक्षी राजनीतिक दलों के जो सांसद अपने दलों को छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं, वे अब शायद यह समझने लगे हैं कि उनका भविष्य अपने दल के साथ सुरक्षित नहीं है। इसका कारण यही है कि भारत की जनता को भारत के विकास की राजनीति पसंद आने लगी है। दूसरा बड़ा कारण यह भी हो सकता है कि भाजपा की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है। विपक्ष के राजनीतिक दल पूरा जोर लगाने के बाद भी पराजित होते जा रहे हैं। भविष्य में इनको सफलता मिलेगी, इसकी फिलहाल कोई गुंजाईश भी नहीं है।

वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस के कई विधायक और सांसद ममता बनर्जी का साथ छोड़कर अलग राह पर जा चुके हैं। इससे ममता बनर्जी की राजनीतिक ताकत भी बेअसर हो गई है। और इसी कारण उनकी पार्टी आज एक डूबता हुआ जहाज की परिकल्पना को चरितार्थ करती हुई दिखाई दे रही है। कहा जाता कि जब किसी के ताकत होती है, तो उसके पास अनेक लोग खड़े हो जाते हैं, और उसके शक्तिहीन होने पर कभी खास बनने वाले लोग भी दूरी बना लेते हैं। विपक्ष की राजनीति के लिए सबसे ज्यादा चिंता करने वाली बात यह है कि विपक्षी गठबंधन का नेतृत्व करने के लिए एक समय ताल ठोकने वाली ममता बनर्जी के पास अब पहले जैसा रुतबा नहीं होगा और न ही विपक्ष में उनकी बात को कोई तबज्जो मिलेगा। इतना ही नहीं एक समय कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मुखर होने वाली ममता के लिए अब कांग्रेस के नेतृत्व में राजनीति करने की मज़बूरी बन गई है, जो ममता बनर्जी को न तो पहले स्वीकार था और न ही वे अब स्वीकार करेंगी।

जहाँ तक तृणमूल कांग्रेस और उद्धव ठाकरे की पार्टी के सांसदों के अपने दल से बागी होने की बात है तो यह कहना समीचीन ही होगा कि आज के राजनीतिक परिदृश्य में विपक्ष के भविष्य की संभावनाओं पर एक बहुत बड़ा विराम सा लगा हुआ दिखाई देता है। विपक्ष के राजनीतिक दल किसके नेतृत्व में एक होंगे, यह बड़ा सवाल है। जिसका उत्तर किसी के पास नहीं है। ऐसे में क्षेत्रीय दलों के वे नेता जो हाँ में हाँ मिलाते हुए राजनीति करते थे वे अब प्रासंगिक होने लगे हैं। इनका प्रासंगिक होना ही विपक्षी एकता के लिए बहुत बड़ा खतरा है। क्योंकि शक्ति केंद्र एक स्थान पर होता है तो उसकी बात का महत्त्व होता है, लेकिन यही शक्ति जब विभाजित हो जाती है, तब वह शक्तिहीन की श्रेणी में ही आती है। आज विपक्ष के राजनीतिक दल किसी एक दल के नेतृत्व में आने के लिए तैयार नहीं हैं। जहाँ तक क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व की बात है तो वह कम से कम अपने प्रभाव क्षेत्र वाले राज्य में किसी दूसरे दल को अपने ऊपर प्रभावी होने नहीं देगा।

वर्तमान राजनीति का अध्ययन किया जाए तो विपक्ष की राजनीति में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का ही बोलबाला है। विपक्ष की ओर ये दोनों दल ही प्रभावी अस्तित्व में हैं। लेकिन कांग्रेस की नियति ऐसी हो गई है कि वह बिना किसी सहारे के आगे नहीं बढ़ सकती। उसको हमेशा क्षेत्रीय दलों की बैसाखी चाहिए। मुख्य बात यह है कि क्षेत्रीय दलों के पास स्वयं की ताकत ख़त्म होती जा रही है। जहाँ तक समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव की बात है तो वह पारिवारिक पृष्ठभूमि से बने राजनेता होने के कारण केवल उत्तरप्रदेश की राजनीति तक ही सीमित हैं। यह बात सही है कि उत्तरप्रदेश में बिना समाजवादी पार्टी के कोई गठबंधन हो ही नहीं सकता। अगर होगा भी तो उसकी प्रासंगिकता नहीं के बराबर ही होगी।

विपक्ष के सपने को तार तार करने के लिए कौन जिम्मेदार है? उद्धव ठाकरे की पार्टी के सांसद यह कहते हुए अलग हुए हैं कि ठाकरे की पार्टी अपनी विचारधारा से भटक गई है। यह बात शत प्रतिशत सही भी है। इसलिए जो नेता विचार की राजनीति के सहारे चल रहा था, उसको तालमेल बनाने में असहज ही होगा। इसके अलावा विपक्ष की पूरी राजनीति तुष्टिकरण को ज्यादा महत्त्व देने की रही है। यह विचार राष्ट्रीय राजनीति के लिए अत्यंत घातक है। आज देश को सकारात्मक राजनीति की आवश्यकता है। देश की जनता भी ऐसा ही चाहती है। इसलिए विपक्षी दलों को जन भावनाओं के अनुसार ही चिंतन और मंथन करना होगा। अगर ऐसा करते हैं तो उनको भविष्य के सपने बुनने का भी अधिकार है। और इस पर ध्यान नहीं दिया तो एक समय ऐसा भी आ सकता है जब पूरी पार्टी में केवल कुछ ही नेता बचेंगे।

# नमो-मोहन के दौर में एमपी छू रहा है विकास के नए आयाम

**हर्षवर्धन पान्डे**

देश का हृदयप्रदेश कहा जाने वाला मध्यप्रदेश पिछले कुछ वर्षों में तेजी से विकास की राह पर अग्रसर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की राज्य सरकार की समन्वित नीतियों, सुधारों और जनकल्याणकारी योजनाओं ने राज्य को आर्थिक,औद्योगिक, कृषि सरीखे कई क्षेत्रों में नई उंचाइयों तक पहुंचाया है। ''सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास'' की भावना से प्रेरित डबल इंजन सरकार का यह प्रयास एमपी को आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी के विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की ओर मजबूती से ले जा रहा है। मोहन सरकार ने औद्योगिक निवेश क अपनी बड़ी प्राथमिकता दी है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और अनेक क्षेत्रीय सम्मेलनों के माध्यम से प्रदेश को जहाँ हजारों करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं वहीं दिल्ली-नागपुर, अटल प्रगति एक्सप्रेस वे, नर्मदा एक्सप्रेसवे और इंदौर-पीथमपुर जैसे औद्योगिक गलियारों के तेजी से विकास ने प्रदेश में निवेश को बूस्टर डोज दी है। राज्य में निवेशकों को 500 वर्ग किलोमीटर से अधिक औद्योगिक भूमि बैंक, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति और जल संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस- वे,मालवा- निमाड़ एक्सप्रेस-वे, अटल प्रगति पथ, बुंदेलखंड विकास पथ, मध्य भारत एक्सप्रेस- वे बनने से प्रदेश में कनेक्टिविटी को बड़ी रफ़्तार मिल रही है जिसके चलते निवेशकों की एमपी के प्रति रूचि बढ़ रही है। दुबई और स्पेन सरीखे देशों से भी बड़े निवेश प्रस्ताव मध्यप्रदेश को मिल रहेहैं। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव और स्टार्टअप समिट 2026 ने टेक्नोलॉजी और इनोवेशन जैसे क्षेत्रों में एमपी का डंका बजाया है। एआई-आधारित शासन और सौर ऊर्जा पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने दावोस में भी मध्यप्रदेश की वैश्विक पटल पर ब्रांडिंग की जिससे एमपी के प्रति ग्लोबल निवेशक आकर्षित हुए हैं। मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है। राज्य का सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर हाल के कुछ बरसों में औसतन 9-11त्र के आसपास रही है, जो कई राज्यों से बेहतर है। 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार जीएसडीपी लगभग 18.48 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।मोदी सरकार की मेक इन इंडिया, आत्मनिर्भर भारत जैसी अनेकों योजनाओं का लाभ मध्यप्रदेश को मिल रहा है। टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और एग्रीटेक क्षेत्रों में नई यूनिट्स स्थापित हो रही हैं, जिससे लाखों रोजगार सृजित हो रहे हैं। पीएम जन-धन योजना में मध्यप्रदेश में 4.69 करोड़ से अधिक खाते खुले जिससे डीबीटी के माध्यम से वित्तीय समावेशन को मजबूती मिली है। इसी तरह से प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के माध्यम से मध्यप्रदेश में 89 लाख से अधिक कनेक्शन मिले जिससे महिलाओं को रसोई गैस के धुंए से मुक्तिमिली। केन्द्र की मोदी सरकार के जल जीवन मिशन से भी मध्यप्रदेश में हर घर नल से जल का संकल्प साकार हुआ है जिससे प्रदेश के 1 करोड़ 11 लाख परिवार सीधे लाभान्वित हुए हैं।प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के माध्यम से प्रदेश के लाखों उद्यमियों को आर्थिक सहयोग मिल रहा है। वित्तीय वर्ष 2025 -26 में मध्यप्रदेश में इस योजना में जहाँ 32.41 लाख लाभार्थियों को ऋ्रण वितरित किये गए वहीं वित्तीय वर्ष 202 -27 में यह आंकड़ा 4.82 लाख तक पहुँच चुका है। पीएम स्वनिधि योजना भी छोटे व्यापारियों के लिए बड़ा सहारा बनी। इस योजना के माध्यम से प्रदेश के 15.87 लाख प्रकरणों में 2679.49 करोड़ रुका ऋ्रण वितरण किया गया है। मोहन युग में आज का मध्यप्रदेश विकास की नई ऊँचाइयों को छू रहा है। प्रदेश में विकास के सभी क्षेत्रों में हर दिन नवाचार हो रहे हैं। राज्य ने बुनियादी ढाँचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन जैसे प्रमुख क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। सड़क, बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार ने न केवल उद्योगों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है, बल्कि गाँव-गाँव तक विकास की रोशनी पहुँचाई है। स्मार्ट सिटीज़ मिशन के तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर और ग्वालियर जैसे शहर आधुनिक शहरी प्रबंधन और स्वच्छता के मॉडल बनकर उभरे हैं वहीं नर्मदा घाटी विकास परियोजनाओं ने सिंचाई और जल संरक्षण में क्रांतिकारी बदलाव लाए हैं। सड़क, बिजली और जल आपूर्ति जैसी बुनियादी सुविधाओं में भारी निवेश ने ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ा है। मोदी सरकार की पीएम किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनाओं और मोहन सरकार की मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजनाओं ने किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, कृषि यंत्रीकरण तथा फसल बीमा जैसी योजनाओं से किसानों को लाभ मिल रहा है जिसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन में वृद्धि हुई है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत हुई है। प्रदेश में डिजिटल कृषि सेवा से एक तरफ जहाँ किसान सशक्तहो रहे हैं वहीं किसानों को मौसम, मंडी भाव , रोग कीट प्रदबंधान और ड्रोन स्प्रे की रियाल टाइम जानकारी मिल रही है। गौशालाओं को बढ़ावा देने, दूध उत्पादन दोगुना करने के प्रयास और कृषि प्रसंस्करण इकाइयों का विस्तार राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत कर रहा है। पीएम आवास योजना शहरी के माध्यम से हर जरूरतमंद को पक्का आवास दिया जा रहा है।

एमपी के 9 लाख से अधिक आवास हितग्राहियों को इस योजना के माध्यम से आवास सौंपे गए हैं। साइबर तहसील जैसी डिजिटल पहल पारदर्शिता और सुशासन सुनिश्चित कर रही हैं।मोदी सरकार की आयुष्मान भारत, पीएम जन मन और शिक्षा संबंधी योजनाओं के साथ राज्य सरकार के प्रयासों ने स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्र को नई दिशा दी है। एमपी में बेहतर सेवाओं का लगातार इजाफा हो रहा है। उज्जैन में पहली मेडिसिटी और मेडिकल कालेज का जहाँ भूमि पूजन हो चुका है वहीं पीएम श्री एम्बुलेंस जैसी सेवा से कई मरीजों के जीवन में सवेरा हुआ है।

# अपने दल से अलग क्यों जा रहे सांसद

**सुरेश हिंदुस्तानी**

राजनीति में अवसर की तलाश करना आज के राजनेताओं का प्रिय विषय बनता जा रहा है। सीधे शब्दों इसे यूँ भी कहा जा सकता है कि राजनीति अब सेवा का मार्ग न होकर अवसरवादिता के आवरण को ओढ़ चुकी है। विपक्षी दलों खास कर तृणमूल कांग्रेस और अब उद्धव ठाकरे की शिवसेना के सांसदों का अलग होना कहीं न कहीं यही संकेत करता है कि ये सांसद अपने पार्टी के सिद्धांतों से किसी भी प्रकार का कोई सरोकार नहीं रखते थे, लिहाजा उन्होंने अपना खुद का एक राजनीतिक पाला बना लिया। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण यही माना जा रहा है कि अब विपक्ष की संभावनाएं धूमिल होती दिखाई दे रही हैं। विपक्ष की राजनीति का एक ही मुद्दा रह गया है, वह है आरोप की राजनीति। तुम आरोप लगाते रहो, हम काम करते जाएंगे। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच कुछ इसी प्रकार का खेल चल रहा है। यह बात सच है कि केवल आरोप लगाने की राजनीति के माध्यम से सत्ता का सिंहासन प्राप्त नहीं किया जा सकता। इसके लिए राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय हित और जनहित की ओर जाना ही होगा। आज की राजनीतिक स्थिति का विचार किया जाए तो यह कहना उचित ही होगा कि भाजपा का प्रचार सत्ता पक्ष की ओर से कम विपक्ष की ओर से ज्यादा किया जा रहा है। आज विपक्ष के नेताओं के बयान बिना भाजपा के अधूरे ही रहते हैं। राजनीति में कब क्या हो जाए, कोई भी व्यक्त नहीं कर सकता। इसके पीछे एक कारण यह भी हो सकता है कि आज का राजनेता किसी न किसी हेतु के लिए ही राजनीति कर रहा है, ऐसे राजनेता की न तो किसी दल से वैचारिक समानता होती है और न ही किसी राजनीतिक नेतृत्व के प्रति निष्ठा ही रहती है। ऐसे राजनेता अपने स्वार्थ को पूरा करने के अवसर की तलाश करते हैं। वर्तमान में विपक्षी राजनीतिक दलों के जो सांसद अपने दलों को छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं, वे अब शायद यह समझने लगे हैं कि उनका भविष्य अपने दल के साथ सुरक्षित नहीं है। इसका कारण यही है कि भारत की जनता को भारत के विकास की राजनीति पसंद आने लगी है। दूसरा बड़ा कारण यह भी हो सकता है कि भाजपा की ताकत लगातार बढ़ती जा रही है। विपक्ष के राजनीतिक दल पूरा जोर लगाने के बाद भी पराजित होते जा रहे हैं। भविष्य में इनको सफलता मिलेगी, इसकी फिलहाल कोई गुंजाईश भी नहीं है। वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस के कई विधायक और सांसद ममता बनर्जी का साथ छोड़कर अलग राह पर जा चुके हैं। इससे ममता बनर्जी की राजनीतिक ताकत भी बेअसर हो गई है। और इसी कारण उनकी पार्टी आज एक डूबता हुआ जहाज की परिकल्पना को चरितार्थ करती हुई दिखाई दे रही है।



# डीएवी पब्लिक स्कूल देहरादून में धूमधाम से मनाया 12वां अंतर्राष्ट्रीय 'योग दिवस'

**पथ प्रवाह, देहरादून**





डीएवी विद्यालय के प्रांगण में विश्व योग का कार्यक्रम का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। कुशल योग शिक्षिक के निर्देशन में छात्र-छात्राओं , प्रधानाचार्या ,अध्यापकों व सहायक कर्मचारियों ने मिलकर योग अभ्यास किया। योगाभ्यास कार्यक्रम में एनसीसी के छात्र - छात्राओं ने भी उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के महत्त्व को समझाना तथा इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की प्रेरणा देना था।

भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत 'योग', केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह एक संपूर्ण जीवन पद्धति है जो आत्मा, मन और शरीर के बीच संतुलन स्थापित करती है। इसका उद्देश्य मनुष्य को आत्म-साक्षात्कार की ओर ले जाना है।

जिससे मनुष्य मुख्य रूप से अपने शरीर, मन, विचार को नियंत्रित व संयमित कर सकता है। सिर्फ इतना ही नहीं, कुछ ऐसी बीमारियाँ जिनके सामने आज का आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी हार मान चुका है, वहाँ हमारी आशा की किरण बनता है 'योग'। इसी विचारधारा से प्रभावित होकर प्रत्येक वर्ष 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है।

इस वर्ष बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है जिसका मूल विषय है ÷स्वस्थ आयु के लिए योग÷ । इस साल का थीम बढ़ती उम्र के दौरान भी सक्रिय, लचीले और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने पर केंद्रित है ।

इस कार्यक्रम का प्रारंभ योग सम्बंधित पूर्व अभ्यास योग क्रियाओं के साथ हुआ। तत्पश्चात ताड़ासन ,कपालभाति, हास्य योग, मकरासन, वज्रासन , सुखासन ,पद्मासन, सिद्धासन ,भुजंगासन , धनुरासन , शलभासन, शीतली प्राणायाम आदि आसन कराए गए व इन आसनों से होने वाले अनेक लाभ जैसे ताड़ासन - शरीर में रक्तचाप बढ़ाने, पीठ दर्द की समस्या का निवारण, शीतली आसान - शरीर को शीतल रखने , पद्मासन- तनाव व रक्तचाप को कम करने व मकरासन पाचन तंत्र को मजबूत बनाना आदि के विषय में भी बताया गया।

प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी समाधिया ने योगाभ्यास के प्रति छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि ÷योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे अब पूरा विश्व अपना रहा है। यह न केवल शरीर की चंचलता को स्थिर करता है, बल्कि मन की शांति भी प्रदान करता है। विद्यार्थी जीवन में योग का अभ्यास अत्यंत आवश्यक है क्योंकि यह एकाग्रता, स्वास्थ्य , आत्मविश्वास बढ़ाने और अनुशासित दिनचर्या का पालन करने में सक्षम बनता है।

## एक नजर

### गुरूरविदास घाट समिति ने किया मन चंगा जन संदेश यात्रा का स्वागत



पथ प्रवाह, हरिद्वार। श्री गुरूरविदास सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गौतम के संयोजन में निकाली जा रही मन चंगा जन संदेश यात्रा के हरिद्वार पहुंचने पर गुरूरविदास घाट समिति के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान सभी को गुरूजी की रसोई से सभी को भोजन प्रसाद भी वितरित किया गया। ज्वालापुर स्थित संत शिरोमणी गुरूरविदास घाट पर यात्रा का स्वागत करते हुए रविदास घाट समिति के योगेश कुमार, ललित कुमार, विशाल राठौर एवं समाजसेवी कमल उनियाल ने कहा कि समाज को समानता और भाईचारे का संदेश देने वाले गुरूरविदास की शिक्षाएं सदैव प्रासंगिक रहेंगी। विशाल राठौर ने कहा कि समाज में गुरू रविदास की शिक्षाओं का प्रसार करने के लिए मन चंगा जन संदेश यात्रा निकाल रहे रोहित गौतम साधुवाद के पात्र हैं। यात्रा निश्चित रूप से समाज में जागरूकता उत्पन्न करने में सफल होगी। श्री गुरूरविदास सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोहित गौतम ने कहा कि उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से शुरूहुई यात्रा 25 जून को नई दिल्ली स्थित संत शिरोमणी विश्राम धाम मंदिर तुगलकाबाद में संपन्न होगी। रोहित गौतम ने बताया कि यात्रा के उद्देश्य जन-जन तक गुरूरविदास के संदेश को पहुंचाना है। गुरूमहाराज द्वारा दिए गए मन चंगा के संदेश को सार्थक करते हुए उनकी शिक्षाओं के प्रसार के लिए संगठन ने यात्रा निकालने का संकल्प लिया। स्वागत करने वालों में मलकीत सिंह, ललित कुमार, अभिषेक कुमार, विवेक कुमार, सलीम, इंद्रजीत सिंह, मीरा, प्रियंका, जसविंदर सिंह, तेज सिंह आदि शामिल रहे।

### राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने किया मनसा देवी मंदिर परिसर का निरीक्षण



पथ प्रवाह, हरिद्वार। दर्जाधारी राज्यमंत्री ओमप्रकाश जमदग्नि ने मनसा देवी मंदिर प्रांगण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में फैली अव्यवस्था, पेयजल की कमी और शौचालयों पर ताले लगे होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। ओमप्रकाश जमदग्नि ने मौके पर ही मंदिर प्रबंधन समिति और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तलब किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को पेयजल एवं साफ सफाई व्यवस्था चाक चौबंद करने, शौचालय 24 घंटे खुले रखने और नियमित रूप से सफाई कराने, कांवड़ मेले को ध्यान में रखते हुए शौचालयों की स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही नगर आयुक्त को फोन कर मंदिर प्रांगण और आसपास से कूड़ा उठाने की व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री ने बनबसा में किया सामूहिक योगाभ्यास, योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का किया आह्वान

**पथ प्रवाह, बनबसा/चम्पावत।**



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बनबसा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित योग साधकों, सशस्त्र सीमा बल के जवानों, छात्र-छात्राओं, युवाओं, मातृशक्तिएवं वरिष्ठ नागरिकों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि माँ शारदा की पावन भूमि पर आयोजित इस कार्यक्रम में क्षेत्रवासियों के साथ योगाभ्यास करने का अवसर प्राप्त होना उनके लिए अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है। उन्होंने योग दिवस के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी योग प्रशिक्षकों, साधकों एवं आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है। उन्होंने कहा कि योग मन को स्थिरता प्रदान करता है तथा व्यक्ति को सकारात्मक, संतुलित एवं सफल जीवन की ओर अग्रसर करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में तनाव, अवसाद और अस्वस्थ जीवनशैली से उत्पन्न चुनौतियों के बीच योग एक प्रभावी प्राकृतिक उपचार प्रणाली के रूप में कार्य कर रहा है। योग और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मानसिक एकाग्रता मजबूत होती है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि योग ने विश्वभर में मानवता को जोड़ने का कार्य किया है तथा भारतीय संस्कृति के मूल मंत्र ''वसुधैव कुटुम्बकम्'' और ''सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामयाः'' के संदेश को वैश्विक स्तर पर स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वैश्विक पहचान मिली और आज विश्व के 190 से अधिक देशों में करोड़ों लोग योग से जुड़ चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड योग, अध्यात्म और साधना की प्राचीन परंपराओं की भूमि है। राज्य सरकार उत्तराखंड को योग एवं वेलनेस की वैश्विक राजधानी के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा देश की पहली योग नीति लागू की गई है, जिसके अंतर्गत योग एवं ध्यान केंद्रों की स्थापना के लिए अधिकतम 20 लाख रूपये तक की सब्सिडी तथा योग, ध्यान एवं प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में शोध एवं अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए 10 लाख रूपये तक के अनुदान का प्रावधान किया गया है। साथ ही प्रदेश में पांच नए योग हब विकसित किए जा रहे हैं तथा सभी आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटरों में योग सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बनबसा में राज्य स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य शारदा नदी तट पर भी योग एवं आध्यात्मिक साधना को व्यापक रूप से बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शारदा कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से क्षेत्र को आध्यात्मिक एवं पर्यटन विकास की नई पहचान देने के लिए कार्य कर रही है। लगभग 3300 करोड़ रूपये की लागत से विकसित की जा रही इस परियोजना के अंतर्गत टनकपुर से बनबसा तक शारदा रिवर फ्रंट सहित विभिन्न धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों का विकास किया जा रहा है। प्रथम चरण में 179 करोड़ रूपये की लागत से शारदा घाट के पुनर्विकास कार्यों का शुभारंभ किया जा चुका है।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं से आह्वान किया कि वे योग को केवल एक दिवस तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाएं तथा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहकर स्वस्थ, अनुशासित और सकारात्मक जीवनशैली अपनाएं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदेशवासी उत्तराखंड को योग का वैश्विक केंद्र बनाने के संकल्प को साकार करने में सक्रिय सहयोग प्रदान करेंगे।

योग दिवस कार्यक्रम के अवसर पर कैबिनेट मंत्री एवं जनपद प्रभारी मंत्री भरत चौधरी, अध्यक्ष जिला पंचायत आनंद सिंह अधिकारी, सचिव मुख्यमंत्री एवं आयुक्तकुमाऊं दीपक रावत, सचिव आयुष रंजना राजगुरु, आईजी कुमाऊंनिवेदिता कुकरेती, जिलाधिकारी चम्पावत मनीष कुमार, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, जिलाधिकारी उधमसिंह नगर नितिन सिंह भदौरिया, पुलिस अधीक्षक उधमसिंह नगर अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारी मौजूद थे।

# योग स्थली खेल परिसर में 6 करोड़ की लागत से तैयार हुआ आधुनिक स्विमिंग पुल

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**



रोशनाबाद स्थित योग स्थली खेल परिसर में आधुनिक स्विमिंग पूल बनकर तैयार हो गया है। साढ़े 6 करोड़ से ज्यादा की लागत से तैयार किए गए स्विमिंग पूल में नेशनल और इंटरनेशनल लेवल के तैराक तैयार किए जाएंगे। प्रशिक्षित कोच नए खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देकर तैराकी की टेक्निक सिखा रहे हैं। जिले का पहला और एकमात्र सरकारी स्विमिंग पूल होने के चलते दूर-दूर से खिलाड़ी यहां ट्रेनिंग लेने के लिए पहुंच रहे हैं। खेल विभाग के अधिकारियों के मुताबिक हरिद्वार में खेल की अपार संभावनाएं हैं। हॉकी, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे खेलों में हरिद्वार के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इसी तरह स्विमिंग भी एक महत्वपूर्ण खेल है। हरिद्वार से नेशनल लेवल के तैराक तैयार हों, इसके लिए 25 मीटर और आधुनिक सुविधाओं वाला ये स्विमिंग पूल बनाया गया है। डीएसओ शबाली गुरूंग ने बताया कि नेशनल गेम्स 2025 में हरिद्वार में इंटरनेशनल हॉकी स्टेडियम, टेनिस कोर्ट और रेसलिंग कोर्ट के अलावा तमाम स्पोट्र्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किए गए हैं। जिससे यहां खिलाड़ी अपनी प्रतिभा निखार रहे हैं। अब राष्ट्रीय स्तर का स्विमिंग पूल बनने से भविष्य में राष्ट्रीय स्तर के तैराक भी तैयार हो सकेंगे। स्विमिंग कोच अर्चना ने बताया कि हरिद्वार में पहली बार स्विमिंग के प्रशिक्षण की सुविधा खिलाड़ियों को मिली है। जिसे लेकर खिलाड़ियों के साथ उनके अभिभावकों में उत्साह है। खिलाड़ियों को स्विमिंग की बारीकियां सिखायी जा रही हैं। जल्द ही हरिद्वार से कई राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के तैराक निकलेंगे।



## एक नजर

### अवैध चाकू के साथ एक युवक गिरफ्तार


पथ प्रवाह, हरिद्वार। संदिग्ध व्यक्त्मि और असामाजिक तत्वों की तलाश के दौरान चेतक पर नियुक्त कर्मियों द्वारा रात्रि गस्त में एक युवक को गिरफ्तार किया गया। यह युवक पुलिस को देखकर बढ़ेडी से से शांतरशाह रोड की ओर भागने का प्रयास कर रहा था।

पकड़े गए संदिग्ध व्यक्तिकी तलाश ली गई तो उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद हुआ। आरोपी संभवतः किसी संगीन घटना को अंजाम देने के फिराक में था। पकडे गये व्यक्ति के विरूद्ध थाना बहादराबाद पर आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपी का नाम आसिफ पुत्र सलीम निवासी फोरी नगर, शान्तरशाह कोतवाली है।

### चारधाम यात्रा में 1727 यात्रियों ने कराया पंजीकरण

पथ प्रवाह, हरिद्वार। हरिद्वार के ऋषिकुल मैदान में बनाए गए यात्री पंजीकरण केंद्र में रविवार को चारधाम यात्रा के लिए 1727 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। यमुनोत्री धाम के लिए 295, गंगोत्री धाम के लिए 307, केदारनाथ धाम के लिए 550, बद्रीनाथ धाम के लिए 561, हेमकुंड साहिब के लिए 14 यात्रियों ने अपना पंजीकरण कराया। रविवार को विभिन्न राज्यों से आए 1727 यात्रियों द्वारा चारधाम के लिए अपना पंजीकरण कराया गया। ऋषिकुल मैदान यात्री पंजीकरण केंद्र से अब तक कुल 4 लाख 44 हजार 7 सौ 97यात्रियों ने चारधाम यात्रा के लिए अपना पंजीकरण कराया है।

### वसुधैव कुटुम्बकम फाउंडेशन ने किया योग सत्र का आयोजन



पथ प्रवाह, हरिद्वार। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर वसुधैव कुटुम्बकम फाउंडेशन द्वारा स्पोर्ट्स स्टेडियम बीएचईएल में योग सत्र का आयोजन किया गया। मॉर्निंग वॉक के साथ शुरू हुए योग सत्र में 45 सदस्यों ने प्रतिभाग किया। योग शिक्षक सुमित गोयल ने योग का महत्व समझाते हुए सूक्ष्म व्यायाम से सत्र की शुरुआत प्राणायाम व विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया। सुमित गोयल ने कहा कि योग कोई एक दिन का अभ्यास नहीं है, यह जीवन जीने की कला है। रोजाना केवल 20 मिनट योग अभ्यास व प्राणायाम करने से लाइफस्टाइल से जुड़ी 80 प्रतिशत बीमारियों से बचा जा सकता है। योग से शरीर का मेटाबॉलिज्म ठीक होता है, हार्मोन बैलेंस होते हैं और इम्युनिटी स्ट्रॉन्ग होती है। निधि अग्रवाल ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग अपने स्वास्थ्य को भूल गए हैं। मोबाइल, लैपटॉप और तनाव ने हमारी नींद और सेहत दोनों छीन ली है। इस सबसे बचने का आसान उपाय योग है। सभी योग को अपनी दैनिक जीवनचर्या का हिस्सा बनाएं। संस्था की अध्यक्ष रेनू अरोड़ा ने कहा कि एक परिवार तभी खुशहाल रह सकता है जब परिवार का हर सदस्य स्वस्थ हो। योग भारत के ऋषि-मुनियों द्वारा मानवता को दिया गया सबसे बड़ा उपहार है। इस अवसर पर विनीत सिकोरिया, संगीता आहूजा, सोनिया भाटिया, रुचि तनेजा, शारदा बेदी, सोनिया अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

### शिवालिक नगर व्यापार मंडल ने किया ठंडा शरबत और आंवला बर्फी का वितरण



पथ प्रवाह, हरिद्वार। भानु सप्तमी के अवसर पर शिवालिक नगर व्यापार मंडल द्वारा शिवालिक नगर में राहगीरों को ठंडा एवं शीतल शरबत तथा पौष्टिक आंवला बर्फी का निःशुल्क वितरण किया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष विभास सिन्हा के संयोजन में आयोजित शरबत एवं आंवला बर्फी वितरण कार्यक्रम में शिवालिक नगर के समस्त व्यापारियों ने सहयोग किया। इस अवसर पर विभास सिन्हा ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची सेवा है। इस भीषण गर्मी में प्यासे व्यक्तिको पानी या शीतल पेय पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना गया है। उन्होंने कहा कि व्यापार मंडल हमेशा समाज सेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाता रहा है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। उन्होंने सभी सहयोगी व्यापारियों का आभार व्यक्त किया। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक हैं और अन्य संगठनों को भी इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष डा.विशाल गर्ग ने भी शिवालिक नगर व्यापार मंडल के इस सराहनीय प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि भीषण गर्मी में इस प्रकार का सेवा कार्य न केवल मानवता की मिसाल है, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत करता है।

## योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक स्वास्थ्य का सर्वोत्तम आधार है: एसपी कमलेश

**पथ प्रवाह,उत्तरकाशी।**

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तरकाशी पुलिस द्वारा जनपद के सभी कोतवाली, थाना, चौकी एवं पुलिस स्टेशन सहित श्री गंगोत्री एवं श्री यमुनोत्री धाम में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया।

पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय द्वारा पुलिस लाइन ज्ञानसू, उत्तरकाशी में Yoga for Healthy Ageing (स्वस्थ आयु के लिए योग) थीम पर आयोजित योग शिविर का दीप प्रज्जवलित कर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारी एवं जवानों के साथ योगाभ्यास किया। शिविर में पुलिस उपाधीक्षक जनक सिंह पंवार एवं प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए योगाभ्यास किया। योगाचार्य राममोहन रावत द्वारा उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया तथा नियमित योग के महत्व से अवगत कराया गया। पुलिस लाइन योग शिविर के उपरांत पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी द्वारा कीर्ति इंटर कॉलेज में



आयोजित जनपद स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग कर योगासन, प्राणायाम सहित विभिन्न प्रकार के योग का अभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया गया।

विश्व योग दिवस पर पुलिस अधीक्षक उत्तरकाशी कमलेश उपाध्याय द्वारा सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत का प्राचीन एवं अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास तनाव को कम कर सकारात्मक ऊर्जा, आत्मविश्वास एवं कार्यक्षमता में वृद्धि करता है तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने तथा स्वस्थ, अनुशासित एवं संतुलित जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रेस क्लब हरिद्वार में मीडिया कर्मियों ने किया योग

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रेस क्लब हरिद्वार के परिसर में शनिवार को योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी तथा महासचिव सूर्यकांत बेलवाल ने आचार्य किशोरी दास वाजपेयी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया।

योग शिविर में प्रेस क्लब के सदस्यों के साथ अन्य पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया। विभिन्न योग मुद्राएं कर सभी ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। शिविर में वरिष्ठ योगाचार्य डॉ राधिका नागरथ, योग प्रशिक्षक भावना भारद्वाज तथा मन रूप कालरा ने प्रतिभागियों को प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने बताया कि नियमित योग करने से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है तथा तनाव और अनेक बीमारियों से बचाव संभव है। इस अवसर पर धर्मेंद्र चौधरी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। योग केवल व्यायाम नहीं,



बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने कहा कि पत्रकारों का कार्य अत्यंत व्यस्त और तनावपूर्ण होता है। ऐसे में योग मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक सोच और कार्यक्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार पूर्व अध्यक्ष आदेश त्यागी, सुनील दत्त पांडेय, दीपक नौटियाल, रामचन्द्र कन्नौजिया, श्रवण झा, गुलशन नय्यर, अमित शर्मा, नरेश दीवान, राजेश शर्मा, काशी राम सैनी, प्रशांत शर्मा, संदीप शर्मा, आशीष मिश्रा, गुरप्रीत कालरा, प्रतिभा वर्मा, मयूर सैनी, कुमकुम शर्मा, हिमांशु द्विवेदी, दीपक मिश्रा, अरुण मिश्रा, महताब आलम, राधे श्याम, विद्याकुल बाल कृष्ण शास्त्री, मनोज खन्ना, राहुल वर्मा, राजकुमार, डॉ.शिवा अग्रवाल, सुरेंद्र बोकाड़िया, विकास चौहान, पुलकित शुक्ल, सुमित यशकल्याण, अरुण कश्यप, रविकान्त बेलवाल, नितिन राणा, आदि की प्रतिभागिता रही।

## पतंजलि योगपीठ में उत्साह के साथ मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**पथ प्रवाह, हरिद्वार।**

पतंजलि योगपीठ में स्वस्थ आयु के लिए योग थीम के साथ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर योग भवन, पतंजलि वैलनेस, पतंजलि योगपीठ-।। में स्वामी आर्यदेव के मार्गदर्शन और योग के विद्वान आचार्यों की देखरेख में विशेष योग शिविर का आयोजन किया गया।

स्वामी विप्रदेव ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार 45 मिनट की मानकीकृत योग दिनचर्या का अनुपालन करते हुए लगभग 1500 योग साधकों को विभिन्न योग आसनों व प्राणायाम का अभ्यास कराया। स्वामी विप्रदेव ने कहा कि स्वस्थ जीवन व लम्बी आयु के लिए योग ही सर्वोत्तम उपाय है। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव ने योग को विश्वव्यापी बनाकर रोगी मानवता पर उपकार किया है। योग शारीरिक अभ्यास तो है ही, साथ ही यह एक सम्पूर्ण चिकित्सा पद्धति है। योग के माध्यम से पतंजलि वैलनेस में साध्य-असाध्य रोगों से पीड़ित लाखों रोगियों को आरोग्य प्रदान किया जा रहा है। पतंजलि योगपीठ के मुख्य महाप्रबंधक (ट्रस्ट) ब्रिगेडियर टी.सी.मल्होत्रा (से.नि.) ने कहा कि योग केवल एक दिन का अभ्यास नहीं है, इसे हमें अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाना है। उन्होंने कहा कि स्वामी रामदेव महाराज एवं आचार्य बालकृष्ण महाराज के मार्गदर्शन में संचालित पतंजलि योगपीठ देश



का सबसे बड़ा योग शिक्षा संस्थान है। पतंजलि योगपीठ से सम्बद्ध विभिन्न ईकाइयों दिव्य योग मंदिर (ट्रस्ट), दिव्य फार्मेसी ए-।, पतंजलि फूड एवं हर्बल पार्क पदार्था तथा योगग्राम ऑडिटोरियम में भी विशेष योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। स्वामी यज्ञदेव, पतंजलि अनुसंधान संस्थान के उपाध्यक्ष डा.अनुराग वार्ष्णेय, पतंजलि आयुर्वेद हॉस्पिटल के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. अरुण पाण्डेय, पतंजलि आयुर्वेद हॉस्पिटल के सुपरिटेंडेंट एवं शालाक्य विभाग प्रमुख डा. दयाशंकर, षट्कर्म विभाग के प्रमुख डा.सचिन त्यागी, पतंजलि वेलनेस के वरिष्ठ चिकत्सक डा.सत्यप्रकाश मिश्रा, दंत चिकित्सा विभाग के प्रमुख डा.कुलदीप सिंह, टेलीमेडिसिन विभागाध्यक्ष डा. ईशु अरोड़ा समेत पतंजलि के तमाम अधिकारी, संन्यासी, कर्मयोगी व शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।





# एक नजर

## बच्चों से मारपीट कर क्रूरता करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



पथ प्रवाह, हरिद्वार। कोतवाली पिरान कलियर पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए नाबालिग बच्चों के साथ मारपीट, धमकी और क्रूरता करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार व्हाट्सएप के माध्यम से प्राप्त एक वीडियो में ग्राम दरियापुर क्षेत्र के चार नाबालिग बच्चों के साथ मारपीट होती दिखाई दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल वीडियो का सत्यापन कर जांच शुरूकी। जांच में सामने आया कि ग्राम दरियापुर निवासी मेघराज और महावीर, दोनों पुत्र रामप्रसाद ने चार नाबालिग बच्चों पर कोल्ड ड्रिंक चोरी का आरोप लगाते हुए उन्हें लाठी-डंडों से पीटा। आरोप है कि दोनों ने बच्चों के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी तथा उन्हें बंधक बनाकर क्रूरता का व्यवहार किया। मामले में कोतवाली पिरान कलियर में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि बाल अपराधों के प्रति उसकी जीरो टॉलरेंस नीति है और कानून को हाथ में लेने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके अधिकारों से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## दुकान में लगी आग पर दमकल कर्मियों ने पाया काबू



पथ प्रवाह, हरिद्वार। रुड़की स्थित बाजार में एक दुकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया। जानकारी के अनुसार सूचना के आधार पर फायर स्टेशन रुड़की की टीम सिविल लाइन रुड़की पहुंची। यहां भारत इलेक्ट्रॉनिक्स नाम की दुकान में आग लगी थी। टीम ने होज पाइप फैला पंपिंग कर दुकान ने लगी आग को पूर्ण रूप से बुझाया। उक्त अग्निकांड से किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है, फिलहाल शार्ट सर्किट कारण माना जा रहा है।

## वांछित चल रहे शातिर को पुलिस ने दबोचा, तमंचा और कारतूस बरामद




पथ प्रवाह, हरिद्वार। हत्या के प्रयास में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने तमंचा ओर कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक दिनांक 11.06.26 को वादी अफजाल निवासी ग्राम रामपुर कोतवाली गंगनहर की लिखित सूचना दी कि 5-6 लडकों द्वारा घातक हथियारों से लैस होकर वादी के पुत्र के दोस्त व उसके अन्य साथियों पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। तहरीर के आधार पर कोतवाली गंगनहर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

जनपद मे बढ रही आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु एसएसपी हरिद्वार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों के अनुपालन के क्रम में कोतवाली गंगनहर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरूकी। साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए टीम ने मुखबिर तंत्र को एक्टिवेट किया व ठोस सूचना के आधार पर घटना में शामिल नईम उर्फ लाखखा नामक युवक को दिनांक 20.06.26 को पाडली गुर्जर की तरफ जाने वाले रास्ते (मुर्गी फार्म के पास) से गिरफ्तार किया गया। युवक के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 तमंचा व 01 जिन्दा कारतूस भी बरामद हुआ। अभियोग में धारा 3/25 आर्मस एक्ट की बढोतरी की गयी।

# कार्मल स्कूल चंबा में प्रधानाचार्य फादर बीन्नो को दी गई भावभीनी विदाई

पथ प्रवाह, चंबा।



कार्मल स्कूल चंबा के प्रधानाचार्य फादर बीन्नो के स्थानांतरण पर विद्यालय परिसर में एक भावपूर्ण विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों ने फादर बीन्नो के कार्यकाल को याद करते हुए उनके योगदान की सराहना की।

इस अवसर पर समाजसेवी राजेश्वर प्रसाद बडोनी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि फादर बीन्नो ने शिक्षा और सामाजिक सरोकारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उनके नेतृत्व में विद्यालय ने नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिली। राजेश्वर प्रसाद बडोनी ने अपने संबोधन में टिहरी में बन रहे मेडिकल कॉलेज का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में जनप्रतिनिधियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और माननीय विधायक किशोर उपाध्याय के प्रयासों से टिहरी में मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है, जो क्षेत्र के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विद्यार्थियों को सिविल सेवा की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और समर्पण से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने बताया कि आईएएस अधिकारी मिनरल नेगी भी इसी विद्यालय की छात्रा रही हैं, जो आज युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ-साथ प्रशासनिक सेवाओं में जाने के लिए भी मेहनत करने का आह्वान किया। समारोह के दौरान फादर बीन्नो को स्मृति चिह्न एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। उपस्थित लोगों ने उनके उज्ज्वल भविष्य और नई जिम्मेदारियों के सफल निर्वहन की कामना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी।

अपने संबोधन में फादर बीन्नो ने विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों और क्षेत्रवासियों के स्नेह एवं सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चंबा की यादें हमेशा उनके दिल में बनी रहेंगी। समारोह का समापन भावुक माहौल में हुआ।

## एसटीएफ और देहरादून पुलिस ने पकड़ा अवैध अंग्रेजी शराब का जखीरा

पथ प्रवाह, देहरादून।



पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के निर्देश पर उत्तराखण्ड राज्य में हरियाणा, पजांब व दिल्ली से अवैध शराब लाने वालों के विरूद्ध ठोस कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। एसटीएफ व देहरादून पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में पंजाब से लाई जा रही 80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब पंजाब मार्का को थाना पटेलनगर देहरादून क्षेत्र से पकड़ने में सफलता मिली है।

एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि एसटीएफ द्वारा नशे के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरन्तर की जा रही है, उसी क्रम में रविवार 21 जून को एसटीएफ देहरादून व थाना पटेलनगर पुलिस ने एक साथ मिलकर एक ट्रक जिसमें अवैध अंग्रेजी शराब पंजाब मार्का की 80 पेटी व 01 ट्रक चालक को थाना पटेलनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिस सम्बन्ध में थाना पटेलनगर पर अभियोग पंजीकृत कराया गया। बरामद शराब में 25 पेटी रॉयल स्टैग (300 बोतल) व 35 पेटी मैकडोवेल (1680 पव्वे) व 20 पेटी इंपीरियल ब्लू (960 पव्वे) शामिल हैं। गिरफ्तार चालक का नाम जगजीत सिंह पुत्र हरदीत सिंह निवासी ग्राम बुडनपुर थाना बनूर जिला मोहाली पंजाब है।

## एस.एम. पब्लिक स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एस.एम. पब्लिक स्कूल, हरिद्वार में योग एवं स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने पूरे उत्साह और ऊर्जा के साथ सहभागिता की।

योग शिविर के दौरान रुपाली चौधरी एवं आकाश शर्मा के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही अनुलोम-विलोम एवं कपालभाति जैसे प्राणायाम भी करवाए गए। ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति एवं एकाग्रता के महत्व पर भी विशेष रूप से जानकारी दी गई। विद्यालय प्रबंधन ने अपने संबोधन में कहा कि योग स्वस्थ जीवनशैली का महत्वपूर्ण आधार है तथा विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में इसकी अहम भूमिका होती है। विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य रमणीक सहसूद, उप-प्रधानाचार्य रेखा शर्मा, स्कूल कोऑर्डिनेटर सोनीका गुलाटी, राहुल ठाकुर, नितिन शर्मा, सौरव खुराना सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी को नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया गया।

## पुलिस ने देशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को पकड़ा

पथ प्रवाह, हरिद्वार।



पुलिस मुख्यालय से चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेशानुसार जनपद पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री/तस्करी करने वाले अपराधियो के विरुद्ध कडा प्रहार कर छापेमारी की कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रानीपुर के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार के अन्तर्गत कार्यवाही जारी रखते हुये रानीपुर पुलिस टीम द्वारा अवैध शराब बिक्री/तस्करी करने वाले अभियुक्त के विरुद्ध पुनः अभियान चलाकर छापेमारी की कार्यवाही की गई। टीम ने वाटर वर्क्स कालोनी से एक आरोपी विजय कुमार को धर दबोचकर आरोपी के कब्जे से 40 ट्रेटा पैक देशी शराब माल्टा मार्का बरामद करते हुए आवश्यक विधि कार्यवाही की गई।

# योग की छांव में विकास का संकल्प, एमडीडीए सिटी फॉरेस्ट पार्क बना स्वास्थ्य और प्रकृति का महाकुंभ

पथ प्रवाह, देहरादून।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग को वैश्विक पहचान दिलाने व जन-जन तक पहुंचाने के अभियान और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा उत्तराखंड को योग, वेलनेस एवं प्राकृतिक चिकित्सा की राजधानी बनाने के प्रयासों के बीच अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देहरादून का सिटी फॉरेस्ट पार्क स्वास्थ्य, आध्यात्म और प्रकृति के अद्भुत संगम का साक्षी बना।

मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण 6एमडीडीए8 द्वारा सिटी फॉरेस्ट पार्क में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राज्य के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने शिरकत की। इस दौरान मुख्य सचिव व अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण अपर सचिव मुख्यमंत्री एवं एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया, प्राधिकरण के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रकृति की हरियाली और पहाड़ों की शांत वादियों के बीच एक हजार से अधिक लोगों ने सामूहिक योग कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने योग प्रशिक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया तथा योग जागरूकता के लिए उनके योगदान की सराहना की।

सुबह की ताजा हवा, वृक्षों की छांव और पक्षियों की मधुर आवाजों के बीच जब एक साथ हजारों हाथ योग मुद्राओं में उठे तो पूरा सिटी फॉरेस्ट पार्क मानो योगमय हो गया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास किया। कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का संकल्प लिया।

### प्रकृति के बीच योग का अनूठा संदेश

इस वर्ष योग दिवस का आयोजन केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रहा, बल्कि इसे प्रकृति संरक्षण, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक जागरूकता से भी जोड़ा गया। एमडीडीए द्वारा विकसित सिटी फॉरेस्ट पार्क में आयोजित कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित करने का भी मार्ग है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को योग के वैज्ञानिक लाभों के बारे में



जानकारी दी गई। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित योग तनाव को कम करने, मानसिक संतुलन बनाए रखने और विभिन्न जीवनशैली जनित बीमारियों से बचाव में प्रभावी भूमिका निभाता है। बड़ी संख्या में युवाओं और महिलाओं की भागीदारी ने यह भी दर्शाया कि योग अब केवल पारंपरिक अभ्यास नहीं बल्कि आधुनिक जीवनशैली का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है।

### देवभूमि से दुनिया तक योग की गूंज

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने कहा कि योग भारत की सनातन संस्कृति की वह अमूल्य धरोहर है जिसने पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली और आज विश्व के करोड़ों लोग इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। वर्तमान समय में बढ़ते तनाव और व्यस्त जीवनशैली के बीच योग मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। योग केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य का विषय नहीं बल्कि समाज और राष्ट्र को स्वस्थ बनाने का अभियान है।

### उत्तराखंड बनेगा योग और वेलनेस की वैश्विक राजधानी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि उत्तराखंड सदियों से योग, तप और आध्यात्मिक साधना की भूमि रहा है। यहां का प्राकृतिक वातावरण और सांस्कृतिक विरासत लोगों को संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को योग, आयुर्वेद, वेलनेस और प्राकृतिक चिकित्सा के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चारधाम, हिमालय और प्राकृतिक संपदाओं से समृद्ध उत्तराखंड विश्वभर के योग साधकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

### सिटी फॉरेस्ट पार्क बना स्वास्थ्य पर्यटन का नया केंद्र

योग दिवस कार्यक्रम ने यह भी साबित कर दिया कि एमडीडीए का सिटी फॉरेस्ट पार्क केवल मनोरंजन स्थल नहीं बल्कि स्वास्थ्य, पर्यावरण और सामुदायिक गतिविधियों का नया केंद्र बनकर उभर रहा है। पिछले कुछ वर्षों में पार्क में विकसित आधुनिक सुविधाओं ने इसे परिवारों, युवाओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बना दिया है। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने पार्क की स्वच्छता, हरियाली और सुविधाओं की सराहना की। प्रतिभागियों ने कहा कि ऐसे प्राकृतिक वातावरण में योग करना किसी आध्यात्मिक अनुभव से कम नहीं है। पार्क में मौजूद ओपन स्पेस, ट्रैक और हरित क्षेत्र सामूहिक योग एवं वेलनेस गतिविधियों के लिए आदर्श वातावरण प्रदान करते हैं।

### स्वस्थ समाज की ओर बढ़ता उत्तराखंड

कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित लोगों ने नियमित योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। योग दिवस का यह आयोजन केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं बल्कि स्वस्थ उत्तराखंड और स्वस्थ भारत के निर्माण की दिशा में जनभागीदारी का बड़ा उदाहरण बनकर सामने आया। योग, प्रकृति और जनसहभागिता के इस अनूठे संगम ने यह स्पष्ट कर दिया कि उत्तराखंड न केवल आध्यात्मिक और धार्मिक दृष्टि से समृद्ध है, बल्कि स्वास्थ्य और वेलनेस के क्षेत्र में भी नई पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### मुख्य सचिव ने परखी सिटी फॉरेस्ट पार्क की धड़कन

एमडीडीए के सिटी फॉरेस्ट पार्क को और अधिक आधुनिक, सुविधायुक्त और जनहितैषी बनाने की दिशा में प्रयास तेज हो गए हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के बाद उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने 12 एकड़ से अधिक क्षेत्र में विकसित पार्क का विस्तृत निरीक्षण किया और विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिल्ड्रन पार्क, कैफेटेरिया, साइकिल ट्रैक, थ्री-डी मूवी थिएटर, सोलर प्लांट, नर्सरी, ओपन जिम, ओपन थिएटर, ईवी चार्जिंग स्टेशन तथा पूछताछ केंद्र सहित पार्क की प्रमुख सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने पार्क में मौजूद नागरिकों, पर्यटकों और कैफेटेरिया संचालकों से बातचीत कर सुविधाओं की गुणवत्ता और उपयोगिता के बारे में फीडबैक भी लिया।

मुख्य सचिव ने कहा कि किसी भी सार्वजनिक स्थल की सफलता उसकी जनस्वीकृति और उपयोगिता पर निर्भर करती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क आने वाले लोगों की राय और सुझाव प्राप्त करने के लिए क्यूआर कोड आधारित ऑनलाइन फीडबैक सिस्टम विकसित किया जाए, जिससे नागरिक सीधे अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करा सकें। उनका मानना था कि तकनीक और जनभागीदारी के समन्वय से सार्वजनिक सेवाओं को और बेहतर बनाया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव ने पार्क की स्वच्छता, हरित क्षेत्र, ऊर्जा संरक्षण व्यवस्थाओं और पर्यावरणीय पहलुओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सिटी फॉरेस्ट पार्क शहरी जीवन के बीच प्रकृति से जुड़ने का उत्कृष्ट माध्यम बनकर उभरा है। यहां उपलब्ध सुविधाएं इसे परिवारों, बच्चों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक आदर्श सार्वजनिक स्थल बनाती हैं।

मुख्य सचिव के निर्देशों के बाद एमडीडीए ने पार्क की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने की तैयारी शुरू कर दी है। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि निरीक्षण के दौरान प्राप्त सुझावों और निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू किया जाएगा। पार्क में डिजिटल सेवाओं, जनसुविधाओं और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी व्यवस्थाओं को और मजबूत किया जाएगा, ताकि सिटी फॉरेस्ट पार्क देहरादून के सबसे बेहतर सार्वजनिक स्थलों में अपनी पहचान और मजबूत कर सके।

मुख्य सचिव आनंद बर्धन ने बताया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस केवल एक आयोजन नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन का उत्सव है। योग हमारी हजारों वर्षों पुरानी परंपरा की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। आज पूरी दुनिया योग की शक्ति को स्वीकार कर रही है और इसका श्रेय भारत तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों को जाता है। वर्तमान समय में मानसिक तनाव, असंतुलित जीवनशैली और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में योग स्वस्थ और सकारात्मक जीवन का सबसे सरल माध्यम है। उत्तराखंड जैसी देवभूमि में योग का विशेष महत्व है, क्योंकि यहां की संस्कृति, प्रकृति और आध्यात्मिक परंपराएं योग के मूल भाव को मजबूत करती हैं। मेरा सभी प्रदेशवासियों से आग्रह है कि वे योग को केवल एक दिन तक सीमित न रखें, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं। स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है।

उपाध्यक्ष एमडीडीए बंशीधर तिवारी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड सदियों से योग, तप और आध्यात्मिक साधना की भूमि रही है। अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर सिटी फॉरेस्ट पार्क में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी इस बात का प्रमाण है कि समाज में योग के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। राज्य सरकार उत्तराखंड को योग, आयुर्वेद, वेलनेस और प्राकृतिक चिकित्सा के वैश्विक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा प्रयास है कि एमडीडीए के सभी सार्वजनिक स्थलों को स्वास्थ्य और जनकल्याण से जोड़ते हुए लोगों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। योग को अपनाकर हम स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया ने कहा कि सिटी फॉरेस्ट पार्क में आयोजित योग दिवस कार्यक्रम में लोगों का उत्साह बेहद प्रेरणादायक रहा। एमडीडीए का प्रयास है कि शहरवासियों को ऐसे हरित और स्वस्थ वातावरण वाले सार्वजनिक स्थल उपलब्ध कराए जाएं, जहां वे प्रकृति के बीच समय बिता सकें। योग दिवस का आयोजन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। भविष्य में भी पार्क में स्वास्थ्य, पर्यावरण और जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक लोग स्वस्थ जीवनशैली की ओर प्रेरित हो सकें।

# पुरानी रंजिश में हथियारबंद लोगों ने किया दावत में आए रिश्तेदारों पर हमला

पथ प्रवाह, हरिद्वार।

लक्सर के बोडाहेड़ी गांव में पुरानी रंजिश के चलते एक परिवार पर घर में घुसकर हमला करने की घटना सामने आयी है। आरोप है कि हथियारबंद लोगों ने दावत में आए रिश्तेदारों पर हमला कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित मुबारिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 जून की रात उसने अपने रिश्तेदार साहिब और सहबान को दावत पर बुलाया था। दोनों जैसे ही उसके घर पहुंचे, तभी पुरानी रंजिश रखने वाले कुछ लोग हथियारों के साथ वहां आ धमके। आरोप है कि हमलावरों ने पहले घर के बाहर खड़ी कार को नुकसान पहुंचाया और फिर घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकियां दीं। इसी दौरान एक आरोपी ने कथित तौर पर बंदूक से हवाई फायरिंग की, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। मुबारिक के अनुसार हमलावरों ने उसके बेटे सारिक, भाभी मोमिना तथा मेहमान साहिब और सहबान के साथ लाठी-डंडों, सरियों और धारदार हथियारों से मारपीट की। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने आरोप लगाया है कि हमलावर आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ पहले से भी कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

वहीं पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और सभी आरोपों की जांच की जा रही है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि आज मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है तथा जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हुड़दंग करने और हमला करने के मामले में फरार आरोपी को पकड़ा

पथ प्रवाह, हरिद्वार।

हुड़दंग करने और जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले आरोपी को सिडकुल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी घटना के बाद से फरार चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक थाना सिडकुल पर 10 जून को वादी सचिन पुत्र सुबीर निवासी तलाई तल्ली जिला पौड़ी गढ़वाल हाल पता ओम शांति धाम कॉलोनी हेतमपुर थाना सिडकुल ने तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। तहरीर में आरोप लगाया गया था कि विशाल आदि 9/10 लोगों द्वारा एक राय होकर लाठी,डन्डों, तलवार से लैस होकर वादी के भाई, जीजा व दोस्त के साथ जान से मारने की नीयत से हमला करने के संबंध में पंजीकृत कराया गया था। वारदात में शामिल आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने दिनांक 20.06.2026 को विभिन्न




सुरागों व मुखबीर खास की सूचना पर घटना में शामिल एक आरोपी को गिरफ्तार कर हमले के दौरान इस्तेमाल किया गया डंडा भी बरामद किया। अन्य फरार की तलाश जारी है। पकड़े गए आरोपी का नाम अभिषेक पुत्र संजय निवासी मोहल्ला जाटान कोतवाली बिजनौर जनपद बिजनौर हाल निवासी सिद्धार्थ एंक्लेव हेतमपुर थाना सिडकुल जनपद हरिद्वार है। उसके पास से घटना में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का डंडा बरामद हुआ है।

स्वामी/प्रकाशक वीरेन्द्र सिंह ने मुद्रक प्रमोद कुमार, जय माँ गंगा प्रिन्टर्स, राजराणा कॉम्पलैक्स निकट खाद गोदाम, जमालपुर कलां, ज्वालापुर, हरिद्वार (उत्तराखण्ड) से मुद्रित कराकर, मुख्य कार्यालयः 40 शांतिपुरम कॉलोनी जगजीतपुर, कनखल, हरिद्वार, उत्तराखंड 249408 (उत्तराखण्ड) से प्रकाशित किया। वीरेन्द्र सिंह (सम्पादक) 9411111733, डॉ सुशील शर्मा(उप संपादक) 9837906777 किसी भी वाद विवाद का निपटारा हरिद्वार में होगा। वेबसाईट- www.pathpravah.com